दिन— बुधवार दिनांक— 06 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ पैंसठ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया। एक करोड़ गन्ना किसान होंगे लाभांवित।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार कल। गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे शामिल।

03. पटना के एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास अब लोक सेवक आवास के नाम से जाना जायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के चीनी सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ पैंसठ रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे लगभग एक करोड़ गन्ना किसानों को फायदा मिलेगा।

———साउंड बाईट———

जो फेयर एंड रेमुनरेटिव एफआरपी प्राइस जो कहते है, वो तय हुआ तीन सौ 65 रुपये पर क्विंटल, जो रिकवरी रेट है 10 प्वाइंट टू—फाइव परसेन्ट के लिए। किसानों को करीब—करीब एक लाख करोड़ एक्स्ट्रा मिलेगा और ये हिस्टोरिकल ग्रोथ हुई है गन्ना किसानों के लिए। ये करीब एक करोड़ शुगनकेन फार्मर्स है देश में, उन सबके लिए बहुत बड़ा बेनिफिट रहेगा।

मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के पांचवें चरण को भी मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने संसद में सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस पेश करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

———साउंड बाईट———

2014 से हम लोग देखे तो 25 सुप्रीम कोर्ट के जजिज थे और आज 33 से 37, यानी करीब—करीब 50 परसेन्ट के जजिज की संख्या में वृद्धि की है, क्योंकि जस्टिस डिलीवरी बहुत इम्पोर्टेंट है। टोटल जो 92 थाउजेंड केसेज पेंडिंग है, उसके प्वाइंट ऑफ व्यू से बहुत जरूरी है कि हम जजिज बढ़ाएं और ये जजिज बढ़ाएं गए हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार कल होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि पटना के गांधी मैदान में होने वाले शपथ

ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार और एनडीए के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

---साउंड बाइट---

मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के पन्द्रह और जदयू के चौदह विधायकों के मंत्री पद की शपथ लेने की सम्भावना है। भाजपा कोटे से सम्भावितों में विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय, डॉक्टर दिलीप जायसवाल, नीतीश मिश्रा, रमा निषाद, संजीव चौरसिया, रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह, लखेन्द्र पासवान, संजय सिंह टाईगर और अरूण शंकर प्रसाद के नाम शामिल है। जदयू कोटे से अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, भगवान सिंह कुशवाहा, लेसी सिंह, मदन सहनी, सुनील कुमार, मोहम्म्द जमा खान, स्वेता गुप्ता, अतिरेक कुमार और रत्नेश सदा के मंत्री बनाये जाने की सम्भावना है। इधर, लोजपा, रामविलास से दो तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक–एक मंत्री बनाये जाने की सम्भावना है।

---

पटना के एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास अब लोक सेवक आवास के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना दी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी आधिकारिक उद्देश्यों के लिए तत्काल प्रभाव से लोक सेवक आवास नाम का ही उपयोग किया जायेगा। इससे पहले राजभवन का नाम बदल कर लोक भवन किया गया था।

---

बिहार पुलिस ने इस वर्ष मार्च महीने तक निन्यानवे हजार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पटना में अपर पुलिस महानिदेशक सुनील कुमार ने बताया कि इनमें कई कुख्यात अपराधी और नक्सली शामिल हैं। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस अवधि में चौबीस अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है।

---साउंड बाईट---

अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीने के दौरान भ्रष्टाचार के इक्यावन मामले दर्ज किये गये हैं। इनमें छियालीस कर्मचारी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किये गये हैं। वहीं, आय से अधिक सम्पत्ति मामले में चार लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

---

राज्य सरकार ने दो सौ आठ प्रखंडों के नये डिग्री कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार छह हजार छह सौ छप्पन शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इनमें प्रत्येक महाविद्यालय में बत्तीस शिक्षक नियुक्ति किये जायेंगे। प्रत्येक विषय में दो–दो शिक्षक नियुक्त किये जायेंगे। प्रत्येक कॉलेज में बारह–बारह शिक्षकेत्तर कर्मियों की भी नियुक्ति होगी। गौरतलब है कि प्रदेश के तीन सौ छत्तीस प्रखंडों में पहले से ही डिग्री कॉलेज हैं।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में आंधी–बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले के एक –दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवा चलने की भी सम्भावना है। वहीं, इस अवधि में अररिया, जमुई, खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, सहरसा और सुपौल जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————————

भागलपुर और नवगछिया को जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित होने के बाद जिला प्रशासन ने लोगों के लिए वैकल्पिक तौर पर नाव और जेटी की सुविधा की है। प्रशासन की ओर से जिले के बरारी घाट और बाबूपुर घाट तथा नवगछिया के महादेवपुर घाट पर नाव की निःशुल्क सुविधा शुरू की गयी है। इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने सरायगढ़ और देवघर के बीच एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन सुपौल, सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर और बांका के रास्ते देवघर तक चलेगी। यह ट्रेन कल से इकतीस मई तक रोजाना संचालित होगी।

———————————————————————————

पटना एम्स का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। एम्स पटना के अध्यक्ष डॉक्टर राधाकृष्ण धीमान ने बताया कि दीक्षांत समारोह में सत्ताईस छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दूबे और संस्थान निकाय के सदस्य सांसद रविशंकर प्रसाद और तारिक अनवर विशिष्ट अतिथि होंगे।

———————————————————————————

विधान परिषद के भोजपुर–सह–बक्सर स्थानीय प्राधिकार उपचुनाव के लिए भोजपुर जिला समाहरणालय सभागार में सहायक निर्वाची पदाधिकारी और अन्य चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने प्रशिक्षण दिया। उप चुनाव बारह मई को होगा।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के भीतहा पंचायत में स्थित वृद्धाश्रम से पुलिस ने पन्द्रह बुजुर्गों को मुक्त कराया है। अनुमंडल दंडाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की पिटाई करने समेत कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान आश्रम के संचालक शिवम कुमार और एक अन्य कर्मी काजल कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीएम ने बताया कि सभी बुजुर्गों को सुरक्षित स्थान ”उमंग” केंद्र भेज दिया गया है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

अररिया जिले की घूरना थाना क्षेत्र की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक पिकअप से एक हजार दो सौ पन्द्रह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन दोनों से गहन पूछताछ कर रही है।

———————————————————————

शिवहर पुलिस ने विभिन्न कांडों के वांछित अपराधी वासुदेव पासवान पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने जिले के सभी थानाध्यक्षों को आसूचना के आधार पर छापेमारी कर अपराधी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

पटना जिले के बेउर थाना क्षेत्र से पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी कुख्यात अपराधी पप्पू कुमार उर्फ पप्पू राय को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि वर्ष दो हजार तेईस में जिले के नदी थाना क्षेत्र में चार लोगों की हत्या के मामले में अपराधी की तलाश थी।

———————————————————————

ग्रामीण कार्य विभाग ने राज्य में सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने वाले एक संवेदक को तीन वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। विभाग के अनुसार सारण जिले की दो ग्रामीण सड़क परियोजनाओं में अनियमितता मिली थी। जांच में प्राक्कलन के अनुरूप काम नहीं करने और नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————————————

राज्य के पांच खिलाड़ियों सुधांशु शेखर, दिलीप कुमार, सारांश कुमार, सोनी कुमारी और साक्षी कुमारी का चयन भारतीय योगासन टीम में हुआ है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि चयनित खिलाड़ी चार से आठ जून तक अहमदाबाद में होने वाली पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

बिहार फुटबॉल संघ की बैठक चौबीस मई को पटना में आयोजित होगी। बैठक में छब्बीस दिसंबर से पहले संघ का चुनाव संपन्न कराने पर विचार—विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष प्रसेन्नजीत मेहता ने दी।

———————————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सूर्खी है— बिहार की ग्रामीण सड़कें साढे पांच मीटर चौड़ी होंगी, डीपीआर तैयार।

दैनिक जागरण ने विक्रमशिला सेतु पर शीर्षक दिया है — बीआरओ ने की सेतू की जांच, सीएम ने किया हवाई सर्वे।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है — तीन महीने में हत्या, लूट, अपहरण के निन्यानवें हजार एक सौ अंठावन आरोपी गिरफ्तार, इनमें तीन हजार चार सौ तिरासी कुख्यात और सताइस नक्सली।

प्रभात खबर ने लिखा है — साठ लाख में नीट पास कराने का सौदा, डॉक्टर पुत्र समेत चार और धराये।

आज अखबार लिखता है— सूबे में होगा अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है— ममता बनर्जी ने हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ा। कहा — मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, हम हारे नहीं, हराया गया।

———————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ पैंसठ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया। एक करोड़ गन्ना किसान होंगे लाभांवित।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार कल। गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे शामिल।

03. पटना के एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास अब लोक सेवक आवास के नाम से जाना जायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिले के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।

शपथ–यातायात बदलावा

इस बीच, शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ ही गांधी मैदान में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह के चलते कल पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय के अनुसार इस दौरान गांधी मैदान, एयरपोर्ट और नेहरू पथ की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। इसके साथ ही आयकर गोलम्बर से डाकबंगला चौराहे तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

पारीक/अनुपम–06.05.2026 डेस्क